सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

ज्येष्ठ 17, मंगलवार, शाके 1944-जून 7, 2022

Jyaistha 17, Tuesday , Saka 1944- June 7, 2022

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

वन विभाग

विज्ञप्ति

जयपुर, मई 23, 2022

संख्या प. 2 (6) वन/2022 :-चूंकि निम्नलिखित अनुसूची में दिखाई गई वन-भूमि सरकार की सम्पति है अथवा उनमें सरकार के स्वत्व है अथवा सरकार उनकी सम्पूर्ण वन उपज अथवा उनके किसी अंश की स्वत्वधारी (Entitled) है।

और चूंकि सरकार उपर्युक्त वन-भूमि तथा बंजर भूमि को राजस्थान फोरेस्ट एक्ट, 1953 की धारा 29 उप धारा (1) के अन्तर्गत रक्षित वन (Protected Forest) घोषित करने का विचार रखती है।

और चूंकि पूर्वोक्त भूमि में अथवा उस पर सरकारी अथवा वैयक्तिक अधिकारों की सीमा अथवा स्वरूप अभी तक किसी भी प्रकार के लेखबद्ध नहीं किये गये है।

और चूंकि सरकार यह भी विचार रखती है कि पूर्वोक्त वन-भूमि अथवा बंजर-भूमि में अथवा उन पर सरकारी या वैयक्तिक अधिकारों की सीमा तथा स्वरूप के संबंध में जांच किया जाना तथा उन्हें ले लेखबद्ध किया जाना आवश्यक है, परन्तु चूंकि इन कार्यो के सम्पादन में जितना समय लगेगा उस बीच में सरकार के अधिकारों को क्षति पहुचने की आशंका है,

इसलिये अब राजस्थान फोरेस्ट एक्ट, 1953 (1953 की एक्ट संख्या 13) की धारा 29 की उप धारा (3) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सरकार इसके द्वारा फोरेस्ट सेटलमेंट ऑफिसर/ असिस्टेन्ट फोरेस्ट सेटलमेंट ऑफिसर को पूर्वोक्त वन-भूमि अथवा बंजर-भूमि में या उन पर सरकारी अथवा वैयक्तिक अधिकारों की जांच करके उन्हें लेखबद्ध करने हेतु नियुक्त करती है, तथा ऐसी जांच तथा अभिलेखन तथा साक्ष्य उसी प्रणाली से किया जायेगा जैसाकि उक्त एक्ट की धारा 6,7,8,10,11 (1) 12,13,14,17 तथा 19 में प्रवाहित है।

और उक्त एक्ट की धारा 29 की उप धारा (3) के परन्तुक (Proviso) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अग्रेतर अनुसरण में राजस्थान सरकार उक्त जांच तथा अभिलेखन सम्पादित होने तक उक्त वन-भूमि और बंजर-भूमि को इस विज्ञप्ति द्वारा रक्षित वन (Protected Forest) घोषित करती है, परन्तु इससे किसी व्यक्ति या वर्ग विशेष के वर्तमान अधिकारों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आयेगी और न उन पर कोई प्रभाव पडेगा।

और सरकार उक्त एक्ट की धारा 30 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अग्रेतर अनुसरण में यह भी घोषणा करती है कि उक्त संरक्षित वन के वे वृक्ष जो इसके संलग्न द्वितीय अनुसूची में अंकित किये गये है, राजपत्र में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तारीख से आरक्षित (Reserved) है और पूर्वोक्त तारीख से उक्त वन में पत्थरों को हटाया जाना अथवा चूना या कोयला जलाया जाना अथवा किसी प्रकार की वन उपज का संग्रहित किया जाना अथवा उनसे किसी निर्माण प्रक्रिया का साधन बनाया जाना या हटाया जाना और उक्त वन में किसी भूमि का

कृषि अथवा भवन निर्माण अथवा पशु पालन अथवा किसी भी अन्य प्रयोजन के लिये खंडित किया जाना अथवा साफ किया जाना निषिद्ध करती है।

राज्यपाल की आज्ञा से,
बी. प्रवीण,
शासन सचिव,
वन विभाग,
शासन सचिवालय, जयपुर।

प्रथम अनुसूची (वन-भूमि और बंजर-भूमि)

क्र. सं.	नाम ब्लॉक	नाम तहसील	नाम जिला	सीमा	विवरण		
					ग्राम	खसरा नं॰	रकबा (हैक्टर मे)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	पुर प्रथम (ए)	भीलवाडा	भीलवाडा	उत्तर -आम रास्ता व आराजी नं.- 6805	पुर	6802	28.7421
				पूर्व- आराजी नं.-6810			
				पश्चिम - आराजी नं.- 9616/6767			
				दक्षिण- आराजी नं.-6800 वन खण्ड सालरा			
					योग	किता-1	28.7421
2	पुर प्रथम (बी)	भीलवाडा	भीलवाडा	उत्तर- सीमा ग्राम कोचरिया	पुर	1199	90.1841
				दक्षिण- आराजी नं.- 2437			
				पश्चिम - सीमा ग्राम कोचरिया			
				पूर्व- आराजी नं.-1202			

					योग	किता-1	90.1841
3	पुर प्रथम (सी)	भीलवाडा	भीलवाडा	उत्तर- रास्ता व खसरा न.747	पुर	676	29.6905
				पूर्व-आराजी नं-9432/676 व 541			
				पश्चिम - आराजी नं.-685			
				दक्षिण- रास्ता व खसरा न.1360			
					योग	किता-1	29.6905
4	पुर प्रथम (डी)	भीलवाडा	भीलवाडा	उत्तर-आराजी नं.- 1636 व 1343	पुर	1621	10.4954
				पूर्व -आराजी नं.- 2040 व 1620			
				पश्चिम-आराजी नं. 538 व 539			
				दक्षिण - आराजी नं.- 1492 व 1493			
					योग	किता-1	10.4954
5	पुर प्रथम (ई)	भीलवाडा	भीलवाडा	उत्तर-आराजी नं.- 886	पुर	885	8.8009
				पूर्व-आराजी नं.-858			
				पश्चिम -आराजी नं.-929			
				दक्षिण- आराजी नं. 857व 858			
					योग	किता-1	8.8009
6	पुर प्रथम	भीलवाडा	भीलवाडा	उत्तर-आराजी नं.- 1837	पुर	1926	7.5617

	(एफ)			पूर्व-आराजी नं.-1932 पश्चिम -आराजी नं.-1886/2 दक्षिण- आराजी नं. 1968			
					योग	किता-1	7.5617
7	पुर प्रथम (जी)	भीलवाडा	भीलवाडा	उत्तर-आराजी नं.- 956 पूर्व-आराजी नं.-991 पश्चिम -आराजी नं.-958 दक्षिण- आराजी नं. 985	पुर	957	3.6165
					योग	किता-1	3.6165

क्षैत्रीय वन अधिकारी
भीलवाडा

(डी॰पी॰ जागावत)
उप वन संरक्षक
भीलवाडा

द्वितीय अनुसूची (संरक्षित वृक्ष)

क्र.सं.	वानस्पतिक नाम	हिन्दी नाम
1	*Acacia Leucophloea*	रोंझ
2	*Acacia nilotica*	देशी बबूल
3	*Azadirachta indica.*	नीम
4	*Zizyphus nummularia*	झड़ बेरी

क्षैत्रीय वन अधिकारी
भीलवाडा

(डी॰पी॰ जागावत)
उप वन संरक्षक
भीलवाडा

प्रमाण पत्र

वनखण्ड पुर प्रथम (ए,बी,सी,डी,ई,एफ,जी)

रेंज - भीलवाडा

वन मंडल - भीलवाडा

1 प्रारूप में दर्शाई गई भूमि की प्रकृति राजस्व जमाबन्दी में गेमु. मगरी गेमु. पहाड वन विभाग के नाम से दर्ज है तथा यह क्षेत्र वर्तमान में वन विभाग के नाम अमल दरामद है।

2 विज्ञप्ति प्रपत्र में उल्लेखित भूमि वन विभाग के अधीन है। प्रस्तावित भूमि में कोई अतिक्रमण, खनन कार्य नही किये हुए है।

3 प्रस्तावित वन क्षेत्रो में समस्त क्षेत्र पूर्व से ही विभाग के अधीन है, जिस पर वृक्षारोपण स्थापित किया गया है एवं यह क्षेत्र वर्तमान में वन विभाग के नाम अमल दरामद है।

4 प्रस्तावित भूमि पर वृक्षो का घनत्व 0.10 से 0.20 तक का है एवं इन क्षेत्रो में मुख्य रोंझ, देशी बबूल, झड बेरी, नीम एवं मिश्रित प्रजातियों के पेड एवं झाडिया है।

5 प्रस्तावित क्षेत्र की समस्त भूमि वन विभाग के अधीन है। तथा समीपवर्ती खातेदारी भूमिया वन सीमाओं से पृथक है एव इससे प्रस्तावित वन क्षेत्रो के संरक्षण में कोई अवरोध नही होगा। विभागाधीन भूमियो का विकास कार्यो मे उपयोग हो रहा है।

6 प्रस्तावित भूमियो का मानचित्र संलग्न है।

7 पूर्व में खसरावार भूमि का मौके पर सुविज्ञ रूप से सीमाज्ञान नही होने कारण अधिसूचना हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत नही किये जा सके थे किन्तु अब सीमाज्ञान के पश्चात नये प्रस्ताव बनाये जाकर प्रेषित किये जा रहे है।

8 इस वनभूमि का पूर्व में राजपत्र मे प्रकाशन नही हुआ है।

क्षैत्रीय वन अधिकारी
भीलवाडा

(डी॰पी॰ जागावत)
उप वन संरक्षक
भीलवाडा

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।